सत्यमेव जयते
Government of India

# Media Scanning & Verification Cell

**Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.**

| Alert ID | Publication Date | Reporting Date | Place Name | News Source/Publication Language |
|---|---|---|---|---|
| **7619** | 03.08.2023 | 04.08.2023 | Kanker Chhattisgarh | www.naidunia.com/Hindi https://www.naidunia.com/chhattisgarh/kanker-food-poison-in-kanker-more-than-70-villagers-ill-after-eating-temple-prasad-sample-sent-for-testing-8206386 |
| **Title:** | **More than 170 villagers ill after eating temple Prasad in Kanker, Chhattisgarh** | | | |
| Action By CSU, IDSP –NCDC | Information communicated to DSU – Kanker, SSU- Chhattisgarh | | | |

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के विकासखंड के ग्राम संबलपुर में एक मंदिर में प्रसाद खाकर बीमार होने वालों की संख्या 170 पहुंच गई है। विदित हो कि सोमवार को इस मंदिर में हलवा और ठंडाई प्रसाद के रूप में वितरित की गई थी। जिसे कई श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया था। उसके बाद मंगलवार को कई लोगों की तबीयत बिगड़ी और उन्हें पेट में मरोड़, उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। धीरे-धीरे मामला सामने आया और पता चला कि जिन्होंने मंदिर में प्रसाद खाया है, अथवा वहां का पानी पिया है उन लोगों को पेट में संक्रमण हो चुका है।

सूचना पर जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही मितानिनों को घर-घर भेजकर मरीजों का हालचाल जाना गया। वहीं गुरुवार को डाक्टरों ने भी घर-घर दौरा कर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही पंचायत भवन में बुधवार और गुरुवार दोनों दिन लगातार स्वास्थ शिविर लगा रहा। मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में तथा घरों में जाने के

बाद कुल 170 मरीज ऐसे मिले है, जिन्हें प्रसाद खाने के बाद पेट का इंफेक्शन हुआ है। साथ ही उल्टी दस्त से पीड़ित है। जबकि शिविर में लगभग 35 अन्य मरीजों ने भी आकर अपना इलाज करवाया है।

**जनप्रतिनिधि पहुंचे संबलपुर**

गुरुवार को कई जनप्रतिनिधियों ने संबलपुर का दौरा किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना। विधायिका सावित्री मंडावी ने कई मरीजों से मिलकर उनसे उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ शिविर का भी मुआयना किया और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिए। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने भी मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना। हेमंत ने अस्पताल में भी दौरा किया और वहां पर भर्ती मरीजों से मिले। इस बीच सामाजिक सेवा करने वाली संस्था बस्तर सेना के द्वारा मरीजों के चिन्हांकन में स्वास्थ्य अमले की मदद की गई। इसके साथ ही पेट के संक्रमण से पीड़ित मरीजों को घर-घर जाकर फल व अन्य आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराया।

**संक्रमण का कारण पानी या प्रसाद?**

इतने सारे ग्रामीणों को एक साथ पेट का संक्रमण होने के बाद यह भी जांच की जा रही है कि इसका कारण क्या है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मंदिर में पानी के सैंपल लिए गए हैं। आशंका व्यक्त की जा रही थी कि मंदिर के नलकूप में दूषित पानी व लगाई गई टंकी की साफ-सफाई ना होने की वजह से पानी पीने वाले ग्रामीणों को इंफेक्शन हुआ होगा। लेकिन बीएमओ डा. अखिलेश ध्रुव ने बताया कि पानी के जो सैंपल लिए गए थे, उनमें किसी भी तरह का कोई प्रदूषण नहीं निकला है और पानी सही है। यह फूड प्वाइजनिंग का मामला भी नहीं है। फिलहाल संक्रमण के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

बीएमओ डा. अखिलेश ध्रुव ने बताया कि समय रहते पेट के संक्रमण से पीड़ित सभी मरीजों का इलाज कर लिया गया है। स्वास्थ्य मेले के द्वारा दो दिनों से लगातार ऐसे मरीजों को गांव में घर-घर जाकर खोजा गया और उन्हें दवाइयां दी गई। मरीजों को परेशानियां तो हो रहे हैं, लेकिन किसी भी तरह के खतरे की कोई बात नहीं है। सभी मरीज सुरक्षित हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC